'अप्प दीपो भव'

# वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2013-15
WPP Licence No.- U(C)-101/2013-15
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 15.09.2015
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन – जस्टिस पब्लिकेशंस, टी–22, अतुल ग्रोव रोड, क्नॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोन : 23354841–42

Website : www.uditraj.com E-mail: aicscst@gmail.com

● वर्ष : 18 ● अंक 20 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 1 से 15 सितम्बर, 2015

# कानपुर मंडल परिसंघ का ऐतिहासिक सम्मेलन सम्पन्न

## सम्मेलन में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने उ.प्र. सरकार द्वारा लाखों की संख्या में दलित कर्मियों की पदावनति (डिमोशन) करने एवं दलितों की जमीन अन्य सभी वर्गों को बेचे जाने के निर्णय के खिलाफ डॉ. उदित राज जी के नेतृत्व में जन आंदोलन में पूरा सहयोग करेगा

6 सितंबर, 2015 को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर नगर, के मुख्य सभागार में परिसंघ की मंडल इकाई द्वारा ऐतिहासिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से उ0प्र0 सरकार द्वारा वर्ष 1997 से 2012 तक आरक्षण का लाभ प्राप्त कर पदोन्नति प्राप्त कर चुके कर्मचारियों/अधिकारियों को लाखों की संख्या में पदावनत किया जा रहा है और साथ ही विधान सभा में अनुसूचित जाति/जन जाति की जमीनों का अन्य वर्गों को बेचे जाने संबंधी लिए गए निर्णय के विरुद्ध भी गांव–देहात के लोग भी परिसंघ से जुड़ने लगे हैं, क्योंकि परिसंघ के चेयरमैन ने इस मुद्दे को अपने जन–आंदोलन में जोड़ने का ऐलान कर दिया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिसंघ के चेयरमैन एवं लोक सभा सदस्य, माननीय डॉ0 उदित राज जी थे तथा अध्यक्षता परिसंघ के राष्ट्रीय समन्वयक एवं अध्यक्ष, उ0प्र0 श्री जगजीवन प्रसाद जी ने की तथा विशिष्ट अतिथियों में परिसंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष – बी.डी. भारती एवं राधेश्याम, प्रदेश सचिव – के.पी. चौधरी, राम अवतार, पंचम लाल, कानपुर मंडल के संरक्षक – बी.एल. सोनकर, उ0प्र0 परिसंघ के प्रधान महासचिव – धर्म सिंह सहित कई मंडलों व जिलों के अध्यक्ष मंच पर मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध वंदना से प्रारंभ हुई और भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर एवं संत कबीर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर डॉ0 उदित राज जी ने सभा की विधिवत् कार्यवाही की शुरुआत की। परिसंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष – बी.डी. भारती जी ने अपने संबोधन में अकेले दम पर दस हजार परिसंघ के सदस्य बनाने की घोषणा कर सभी को चौंका दिया। बाद में दूसरे प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री राधेश्याम जी ने अपने जनपद औरैया एवं इटावा आदि में सैकड़ो आजीवन सदस्य बनाए जाने का और साधारण सदस्य बनाए जाने की बात कही और 1 नवंबर, 2015 को लखनऊ में प्रांतीय महारैली में बढ़–चढ़कर हर संभव सहयोग और अधिक से अधिक साथियों के साथ पहुंचने का आश्वासन दिया। परिसंघ के प्रदेश सचिव – श्री के.पी. चौधरी ने दलितों को बौद्ध प्रमाण–पत्र न बनाए जाने की जानकारी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को दी और उन्होंने भी हर संभव आर्थिक सहायता एवं भीड़ जुटाने का आश्वासन दिया। इसके बाद दूसरे प्रदेश सचिव, श्री राज कुमार गौतम, श्री पंचम लाल, श्री राम अवतार तथा श्री महेन्द्र कुमार गौतम, ने भी सभा को संबोधित किया और अपने स्तर से धन एवं जन से सहयोग करने की घोषणा की। हरदोई के पुराने साथी श्री लाल बिहारी जी ने सभा को अपनी कविताओं के माध्यम से सभी को हंसा–हंसाकर भाव–विभोर करते रहे और कार्यक्रम की सार्थकता को बताते रहे तथा हरदोई के जिलाध्यक्ष, श्री अमित राज जी ने बताया कि वे हजारों की संख्या में लोगों को तैयार करते हैं, लेकिन चलते–चलते सैकड़ों में ही लोग कार्यक्रम में पहुंच पाते हैं, इस बात को सुनकर मुख्य अतिथि सहित सभी को हंसी आ गयी और डॉ0 उदित राज जी कहने लगे कि अमित राज जी ने असलियत बता दी।

औरैया के जिलाध्यक्ष, श्री नीरज कुमार चक को विशेष सम्मान के साथ मंच पर बुलाया गया, क्योंकि दूर के जिलों से सबसे अधिक लगभग 250 लोगों को लेकर 2 बसों एवं 3 चार पहिया गाड़ियों के साथ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 उदित राज जी के आगमन के समय अपने सभी साथियों के साथ बाहरी गेट से सभा के मुख्य द्वार तक नारे लगाते हुए आए।

उ0प्र0 परिसंघ के प्रधान

(शेष पृष्ठ 2 पर)

साथियो, आरक्षण खत्म करने की साजिश गुजरात के पटेल नेता, हार्दिक पटेल ने पांच लाख लोगों की रैली से की। पटेल सबसे ज्यादा अमीर हैं। अब भ्रम नहीं होना चाहिए कि आरक्षण कोई खत्म नहीं कर सकता। पहले हम लोग ऐसा कहते थे और अब सरकार में लगभग 40 प्रतिशत खत्म भी हो गया है, तो क्या कर लिया। क्लास 4 की भर्ती खत्म, आउटसोर्सिंग और एडहाक के जरिए ऐसा कर दिया गया है। पदोन्नति में आरक्षण का बिल पास नहीं हो पाया है। उ0प्र0 में डिमोशन शुरू हो गया है। आरक्षण बचाना हो तो हमें 10 लाख लोगों की रैली करनी होगी। इसलिए अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ द्वारा आगामी 7 दिसंबर, 2015 को प्रातः 10 बजे रामलीला मैदान, नई दिल्ली में लाखों की संख्या में पहुंचे। हमें लाखों मिश्नरियों के नाम और मोबाइल नम्बर वाट्सअप और मेल के जरिए फौरन भेजें। ताकि हम उनसे भी बात कर सकें और रैली सफल हो। हमारा वाट्सअप नं. 9999504477 एवं ईमेल parisangh1997@gmail.com है।

– डॉ. उदित राज, राष्ट्रीय चेयरमैन

# नसोएवायएफ का बुन्देलखण्ड अधिवेशन सम्पन्न

नेशनल एस.एसी.,एस.टी., ओबीसी स्टूडेन्ट एण्ड यूथ फ्रंन्ट (नसोसवायएफ) का प्रथम बुन्देलखण्ड अधिवेशन 7 सितम्बर को मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में संपन्न हुआ इस अधिवेशन का उद्घाटन डॉ. उदित राज, सांसद एवं राष्ट्रीय चेयरमैन, अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनो का अखिल भारतीय परिसंघ, स्वागताध्यक्ष आर.डी. प्रजापति (विधायक), कार्यक्रम अध्यक्ष नसोसवायएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी. हर्षवर्धन एवं कार्यक्रम अयोजक अध्यक्ष नसोसवायएफ के राष्ट्रीय समन्वयक प्रताप सिंह अहिरवार थे। इस अवसर पर छात्र और युवाओं को संम्बोधित करते हुए डॉ. उदित राज जी ने कहा कि भारत के सभी शिक्षा संस्थान सामाजिक परिवर्तन एवं समतामूलक समाज निर्माण करने में असफल रहे हैं। देश में जातिवाद दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है, भूमण्डलीकरण और निजीकरण के दौर में दलित-आदिवासी अधिकार खत्म किये जा रहे हैं। निजीकरण के माध्यम से दलित-आदिवासी, ओबीसी का आरक्षण खत्म किया जा रहा है और हमारा समाज खामोश बैठा है, ऐसे वक्त में छात्र और युवाओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। छात्र और युवाओं को अभी तक कोई राष्ट्रीय मंच नहीं था। किसी दलित-आदिवासी नेता ने मंच आज तक उपलब्ध नहीं करके दिया, यह गलती हुई है, मगर आज नसोसवायएफ जैसा राष्ट्रीय संगठन अनुसूचित जाति/ जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के द्वारा खड़ा किया गया है। हम चाहते हैं कि छात्र पढ़ाई के लिए लड़ाई करें, क्योंकि इस देश की शिक्षा व्यवस्था समान स्वरूप की नहीं है। इसके कारण सभी को शिक्षा का समान अवसर देश में प्राप्त नहीं होता है। अगर शिक्षा का समान अवसर दलित-आदिवासियों को प्राप्त नहीं होता तो सामाजिक और आर्थिक विकास नहीं हो सकता यह वास्तविकता है और इसी करण देश की आज़ादी के 68 साल के बाद भी दलितों-आदिवासियों का सामाजिक, आर्थिक विकास नहीं हो पाया। डॉ. उदित राज जी ने सरकारी क्षेत्र की नौकरियों में 40 प्रतिशत से भी ज्यादा आरक्षण खत्म हुआ है, इसलिए अब वक्त है कि निजीक्षेत्र में आरक्षण देना इसके लिए देश के छात्र और युवा नसोसवायएफ के माध्यम से संगठित किया जाए और अपने सामाजिक न्याय के अधिकार के लिए निजीक्षेत्र, सेना व न्यायपालिका में आरक्षण आंदोलन को अब अनजाम देना होगा। जो छात्र युवा प्रतियोगीता परीक्षा में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और सामजिक आंदोलन से हटकर अपने भविष्य के बारे में सोच रहे हैं वे छात्र और युवा उन सभी को सरकारी नौकरी मिलने वाली है। इस भ्रामक कल्पना से बाहर आएं और अपनी नौकरियों के लिए अपनी शिक्षा के लिए सामजिक आंदोलन की पेशकश करें, इसके सिवा दलितों-आदिवासियों का और कोई जरिया नहीं है। डॉ. उदित राज जी ने नसोसवायएफ के इस अधिवेशन में छात्र और युवाओं को 7 दिसम्बर, 2015 को रामलीला मैदान पर होने वाली रैली में बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी आवाज बुलन्द करने का अवाहन किया है।

देश में बहुत सारे छात्र संगठन हैं, मगर ये सभी छात्र संगठन प्रस्थापित विचारधारा पर कार्य करते हैं, कोई गांधीवादी है, कोई हिन्दुवादी है तो कोई मार्क्सवादी छात्रसंगठन है। मगर ये संगठन कभी दलित-आदिवासी छात्रों के लिए आंदोलन खड़ा नहीं करते इन छात्र संगठनों की ताकत दलित- आदिवासी छात्र हैं, मगर दलित- आदिवासी की शिक्षा में आरक्षण की नीति के विरोध में छात्र संगठन दिखाई नहीं देता है, इसलिए नेशलन एस.सी./एस.टी./ओबीसी स्टूडंन्टस् एण्ड यूथ फ्रन्ट (नसोसवायएफ) की देश में दलित-आदिवासी छात्रों को जरूरत है। देश में आरक्षण विरोधी माहौल बनता जा रहा है। सवर्ण छात्र आरक्षण के खिलाफ हमेशा दिखाई देते हैं, मण्डल आयोग लागू करने के बाद दिल्ली कॅम्पस में आरक्षण विरोधी छात्रों ने जो आंदोलन किया उसका मुकाबला आरक्षण समर्थक छात्र कर नहीं पाये। ये बड़ी दुखद बात है। प्रस्थापित व्यवस्था आपके अधिकार छीनने के लिए मारने और मरने के लिए तैयार हैं। मगर अपने हक बचाने के लिए दलित-आदिवासी छात्र के पास कोई राष्ट्रीय संगठन पहले नहीं था। पर आज नसोसवाएफ जैसा राष्ट्रीय अंम्बेडकरवादी संगठन आज आरक्षण के समर्थन में दलित-आदिवासी, ओबीसी, छात्रों को संगठित कर रहा है। देश के छात्र, युवा इस संगठन से जुड़ कर आरक्षण विरोधियों को मुहंतोड़ जवाब दे सकते हैं।

भूमण्डलीकरण, निजीकरण के इस दौर ने सरकारी नौकरियों में से 40 प्रतिशत आरक्षण खत्म किया है। एसे वक्त में निजीक्षेत्र में आरक्षण के आंदोलन को ओर तेज करना पड़ेगा। देश की सभी दलित-आदिवासी छात्रों की पहली जिम्मेदारी बनती है। क्योंकि आरक्षण से ही देश में दलित-आदिवासियों की भागीदारी सुनिश्चित हुई है और निजीकरण से आरक्षण अगर खत्म होता है तो दलित -आदिवासी वही 70 साल पीछे चले जायेंगे और गुलाम बनेगें।

सम्मेलन में अपार जनसमूह के साथ डॉ0 उदित राज एवं प्रताप सिंह अहिरवार

डॉ. उदित राज ने अपने संबोधन के आखिर में दलित-आदिवासीयों के शिक्षा, रोजगार, अधिकार और सम्मान की लाईई को नसोसवासएफ द्वारा और तेज बनाने को कहा। ''शिक्षित बनो, और शिक्षा के लिए लड़ो।'' ''नई सदी की नई लड़ाई, करो पढ़ाई लढ़ो लड़ाई।'' ये नारा देकर सभी छात्र और युवा को एक संदेश दिया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डी. हर्षवर्धन (राष्ट्रीय अध्यक्ष, नसोसवायएफ) ने कहा कि इस संगठन का महाराष्ट्र राज्य से देश भर में विस्तार हो रहा है। और असमान शिक्षा व्यवस्था, जातिवाद और गरीबी से परेशान शोषक और पिड़ित छात्र सवर्णो के व्यवस्था के खिलाफ नसोसवायएफ के माध्यम से पुकार रहा है। वर्तमान स्थिति में हार्दिक पटेल और पटेल जाति को आरक्षण मांगने हेतु दलित आदिवासी के आरक्षण खत्म करने का षडयंत्र देश भर में किया जा रहा है। हार्दिक पटेल जैसा प्रवीण तोगड़ीया के चमचे को नसोसवायएफ मुंहतोड जवाब देगा। निजीक्षेत्र में आरक्षण यह दलित-आदिवासी के रोजगार और भविष्य का सवाल है। इस सवाल पर दलित आदिवासी युवकों को संघर्ष करना पड़ेगा। नसोसवायएफ का संघर्ष जातिव्यवस्था के खिलाफ है और सामंतवाद से परेशान युवकों का है।

नसोसवायएफ एक अम्बेडकर विचारों का जाति-विहीन समता-मूलक समाज राज्य समाजवादी निर्माण के लिए एक विद्रोह है और नसोसवायएफ के सभी छात्र इस प्रस्थापति व्यवस्था के विरोधी हैं।

इस अधिवेशन में प्रताप सिंह अहिरवार ने कहा बुन्देलखण्ड देश का पिछड़ा इलाका होकर यहां जातिवाद हर एक वक्त के रोम-रोम में बैठा हुआ है। इस संभाग में जातीय शोषण बढ़ रहा है। ऐसे वक्त में नसोसवायएफ हर एक गांव और मोहल्ले में जाकर छात्र और युवाओं को संगठित करने का कार्य कर रहा है, इस कार्य में बुन्देलखण्ड के छात्र एवं युवा संगठित हुए हैं। नसोसवायएफ देश में एक क्रांति लाना चाहता है और इस क्रांति के अधिवेशन में शामिल हुए सभी क्रांतिकारी हैं। अधिवेशन को सफल बनाने के लिए ए. सेन्डी, प्रकाश अहिरवार, भुपेंद्र अहिरवार, रतीराम अहिरवार, रविन्द्र कुमार, मुकेश अहिरवार, मुन्ना लाल, भागचन्द्र, बृजेश, आनंद, एड. अरविंद कुमार, बाल्मीकि, पन्ना लाल, मुकेश गांधी, नितेन्द्र चौरसिया, सुनील वर्मा, बृज किशोर, रामअवतार, गंगारामजी, भारती, अनुरागी आदि ने परिश्रम किया।

+++

(पृष्ठ 1 का शेष)

## कानपुर मंडल परिसंघ का ऐतिहासिक सम्मेलन .....

महाचिव, श्री धर्म सिंह जी ने अपने संबोधन में यह कहा कि सुश्री मायावती जी वर्तमान मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी से ज्यादा गुनाहगार हैं। यदि वे चाहती तो माननीय सर्वोच्च न्यायायल के निर्देशों के अनुसार दूसरे प्रदेशों की भांति कमेटी बनाकर कमेटी की संस्तुतियों के आधार पर पदोन्नति में आरक्षण लागू कर सकती थी, लेकिन वे सवर्ण वोट पाने की खातिर आरक्षित कर्मचारियों का बंटाधार कर दिया है और झांसी मंडल में आगामी 17 अक्टूबर, 2015 को महासम्मेलन करने की घोषणा की। इसी बीच सभा अध्यक्ष एवं परिसंघ के पदेशाध्यक्ष, श्री जगजीवन प्रसाद जी ने दूसरे पहलू पर अपने विचार रखते हुए बताया कि उ0प्र0 सरकार सर्वजन हिताय संरक्षण समिति के अध्यक्ष की इस घोषणा पर मौजूदा सरकार बहुमत में आ गयी कि वे दलितों को पदोन्नति में आरक्षण देना बंद कर दें। यह उ0प्र0 सरकार की नासमझी ही कही जाएगी। उनके अनुसार दलित सुश्री मायावती जी की कार्यशैली से नाराज थे, इसलिए मुलायम सिंह जी की पार्टी को वोट कर दिया लेकिन उ0प्र0 की मौजूदा सरकार दलितों के साथ जिस तरह की हरकत कर रही है, इसका खामियाजा सरकार को भुगतना ही पड़ेगा। अभी कई वरिष्ठ पदाधिकारियों का सम्बोधन होना बाकी था। इसी बीच हाल में बैठे लोगों की तरफ से यह आवाज आने लगी कि हम लोग डॉ0 उदित राज जी को सुनना चाहते हैं। इस बारे में सभा के मुख्य कर्त्ता-धर्ता श्री सुशील कुमार कमल जी भी मंच पर आकर डॉ0 उदित राज जी से अनुरोध किया कि यदि वे जल्दी नहीं बोलेगें तो लोग चले जाएंगें। जल्दी-जल्दी में सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों को संबोधन हेतु बुलाया गया और डॉ0 उदित राज का उद्बोधन शुरू हुआ। उन्होंने कानपुर मंडल के पदाधिकारियों एवं प्रमुख रूप से श्री सुशील कुमार कमल - मंडल अध्यक्ष की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए बताया कि उनके नेतृत्व में परिसंघ के जन-आंदोलन के जरिए आरक्षण बचाने का इतिहास रहा है। उन्होंने 1997 से अब तक अपने पूरे जन आंदोलन की विस्तार से चर्चा की। उनका भाषण लगभग 2 घंटे 15 मिनट तक चला और लोगों ने बड़े ध्यान से मुख्य अतिथि का भाषण सुना और सैकड़ों लोगों ने उनकी स्पीच की सीडी की मांग करने लगे। उन्होंने लोक सभा में पदोन्नति में आरक्षण के मुद्दे पर 31 जुलाई 2015 को शून्यकाल के दौरान उठाए गए मुद्दे पर बोलते हुए बताया कि उन्होंने जितने प्रश्न और मुद्दे लोक सभा में उठाए हैं, शायद कुल दलित सांसदों ने भी मिलकर इतने मुद्दे नहीं उठाए होगें। उन्होंने 1 नवम्बर, 2015 को लखनऊ में घोषित महारैली तथा 7 दिसंबर, 2015 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित महारैली को तन-मन-धन से सहयोग करने की बात कही और आगामी संसद के शीतकालीन सत्र में 117वें संवैधानिक संशोधन बिल को पास करवाकर उ0प्र0 के दलित कर्मचारियों-अधिकारियों को न्याय दिलाएंगें, बशर्ते उनका सहयोग मिलता रहे।

कानपुर मंडल के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के आयोजक सुशील कुमार कमल जी ने सभागार में सभी साथियों को धन्यवाद दिया और जिन्होंने इस कार्यक्रम में आर्थिक एवं बौद्धिक सहयोग किया उनका नाम गिनाते हुए उपस्थित जन समूह से पदोन्नति में आरक्षण एवं दलितों की जमीन बचाने के लिए किसी भी स्तर के जन-आंदोलन के लिए तैयार रहें। उन्होंने प्रदेश के बड़े पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए विशेष रूप से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले सर्वश्री भारत लाल, बी.एन. कमल, परिसंघ के जिलाध्यक्ष कानपुर नगर - श्री हरिजीवन, अवनीश कुमार सोनकर, जितेन्द्र कमल, रमेश चंद बाल्मीकि, सुदामा, मोहल लाल, अश्विनी कुमार बाल्मीकि, महेश मलिक आदि लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

- जगजीवन प्रसाद
अध्यक्ष, उ0प्र0 परिसंघ

# नेशनल एस.सी. एस.टी. ओबीसी स्टुडेन्टस् एण्ड युथ फ्रंट (नसोसवायएफ) महाराष्ट्र राज्य का प्रथम अधिवेशन संपन्न

नेशनल एस.सी. एस.टी. ओबीसी स्टुडेन्टस् एण्ड युथ फ्रंट (नसोसवायएफ) महाराष्ट्र राज्य का प्रथम अधिवेशन 13 सितम्बर को महाराष्ट्र के नांदेड शहर में पूरे जोश के साथ संपन्न हुआ। इस अधिवेशन का उद्घाटन, डॉ. उदित राज जी, सांसद व राष्ट्रीय अध्यक्ष, अनुसूचित जाति/ जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ एवं मुख्य मार्गदर्शक नसोसवायएफ थे। कार्यक्रम के स्वातगताध्यक्ष डॉ. संतुक हंबर्डे एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डी. हर्षवर्धन जी थे।

इस अधिवेशन में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. उदित राज ने कहा कि वर्तमान शिक्षा नीति से कोई विकास नहीं होगा। शिक्षा नीति में सामजिक परिवर्तन करने वाले पाठ्यक्रम को आज तक कोई स्थान प्राप्त नहीं हुआ। स्कूल, महाविद्यालय व विश्वविद्यालय में जातिवाद और लिंग भेद खत्म करने की शिक्षा दी नहीं गई। इसलिए आज भी जातिव्यवस्था कायम है और सवर्ण जाति के छात्र अपनी जाति का अंहकार विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में दिखाते हैं। इससे विश्वविद्यालय और विद्यालयों में जाति-व्यवस्था और ताकतवर बनती जा रही है। आज तक हमारे शिक्षा संस्थानों को जाति व्यवस्था खत्म करनी चाहिए थी और देश में समता लानी चाहिए थी लेकिन यह सिखाई ही नहीं गई। इसलिए देश का सामाजिक विकास संपूर्ण रुप से नहीं हो पाया। नसोसवायएफ के द्वारा विद्यालयों व विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रम बदलकर सामाजिक परिवर्तनवादी विचारों के पाठ्यक्रम की मांग करनी चाहिए।

देश में बहुत सारे छात्र संगठन है, मगर वे सभी छात्र संगठन प्रस्थापित विचारधारा पर कार्य करते हैं, कोई गांधीवादी है, कोई हिन्दूवादी है तो कोई मार्क्सवादी छात्र संगठन है। मगर ये संगठन कभी दलित-आदिवासी छात्रों के लिए आंदोलन खड़ा नहीं करते। इन छात्र संगठनों की ताकत दलित-आदिवासी छात्र हैं, मगर दलित- आदिवासी की शिक्षा में आरक्षण की नीति के खिलाफ छात्र संगठन दिखाई नहीं देता है, इसलिए नेशलन एस.सी./एस.टी./ओबीसी स्टूडेंन्टस् एण्ड यूथ फ्रन्ट (नसोसवायएफ) की देश में दलित-आदिवासी छात्रों को जरुरत है। देश में आरक्षण विरोधी माहौल बनता जा रहा है। सवर्ण छात्र आरक्षण के खिलाफ हमेशा दिखाई देते हैं। मण्डल आयोग लागू करने के बाद दिल्ली कैम्पस में आरक्षण विरोधी छात्रों ने जो आंदोलन किया, उसका मुकाबला आरक्षण समर्थक छात्र कर नहीं पाये। ये बड़ी दुखद बात है। प्रस्थापित व्यवस्था आपके अधिकार छीनने के लिए मारने और मरने के लिए तैयार है। मगर अपने हक बचाने के लिए दलित-आदिवासी छात्र के पास कोई राष्ट्रीय संगठन पहले नहीं था। पर आज नसोसवायएफ जैसा राष्ट्रीय अंम्बेडकरवादी संगठन आरक्षण के समर्थन में दलित-आदिवासी, ओबीसी, छात्रों को संगठित कर रहा है। देश के छात्र, युवा इस संगठन से जुड़ के आरक्षण विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब दे सकते हैं।

भूमण्डलीकरण, निजीकरण के इस दौर ने सरकारी नौकरियों में से 40 प्रतिशत आरक्षण खत्म किया है। ऐसे वक्त में निजीक्षेत्र में आरक्षण के आंदोलन को ओर तेज करना पड़ेगा। देश की सभी दलित-आदिवासी छात्रों की पहली जिम्मेदारी बनती है। क्योंकि आरक्षण से ही देश में दलित-आदिवासीयों की भागीदारी सुनिश्चित हुई है और निजीकरण से आरक्षण अगर खत्म होता है तो दलित -आदिवासी वही 70 साल पीछे चले जाएंगें।

डॉ. उदित राज ने अपने संबोधन में आखिर में दलित-आदिवासियों के शिक्षा, रोजगार, अधिकार और सम्मान की लाइई को नसोसवासएफ द्वारा और तेज करने को कहा। "शिक्षित बनो, और शिक्षा के लिए लड़ो।" "नई सदी की नई लड़ाई, करो पढ़ाई लड़ो लढाई।" ये नारा देकर सभी छात्र और युवा को एक संदेश दिया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डी. हर्षवर्धन (राष्ट्रीय अध्यक्ष, नसोसवायएफ) ने कहा की इस संगठन का महाराष्ट्र राज्य से देश भर में विस्तार हो रहा है। असमान शिक्षा व्यवस्था, जातिवाद व गरीबी से परेशान शोषक और पीड़ित छात्र सवर्णो के व्यवस्था के खिलाफ नसोसवायएफ के माध्यम से एकजुट हो रहे हैं। वर्तमान स्थिति में हार्दिक पटेल और पटेल जाति द्वारा आरक्षण की मांग, दलित आदिवासियों के आरक्षण को खत्म करने का षडयंत्र पूरे देश में किया जा रहा है। हार्दिक पटेल जैसे प्रवीण तोगड़ीया के चमचे को नसोसवायएफ मुंहतोड़ जवाब देगा। निजीक्षेत्र में आरक्षण दलित-आदिवासियों के रोजगार और भविष्य का सवाल है। इस सवाल पर दलित-आदिवासी युवकों को संघर्ष करना पड़ेगा। नसोसवायएफ का संघर्ष जातिव्यवस्था के खिलाफ और सामंतवाद द्वारा सताए गए युवकों का है।

नसोसवायएफ एक अम्बेडकरवादी विचारों का जाति-विहीन समतामूलक समाज की स्थापना करने वाला संगठन है और नसोसवायएफ के सभी छात्र इस जाति-व्यवस्था के विरोधी हैं।

इस कार्यक्रम के लिए नसोसवायएफ के राष्ट्रीय महासचिव अजय पासवान (पटना, बिहार), राष्ट्रीय समन्वयक प्रताप सिंह अहिरवार (छतरपुर, मध्य प्रदेश), चेराबंडू राजू (आंध्रा प्रदेश-तेलंगना समन्वयक), महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्षा भावना इलपाची (नागपुर), महाराष्ट्र प्रभारी बालाजी कोंडामंगल (नांदेड), अजित कांबळे (कोल्हापुर), महाराष्ट्र राज्यसचिव रवि सुर्यवंशी, महाराष्ट्र सहसचिव स्वप्निल मुळे, किशोर कानिंदे (मुंबई), लक्ष्मण मीना (राजस्थान), हर्षवर्धन मोरे (सोलापुर), गणेश येरेकर (नांदेड) आदि ने छात्राओं को असमान शिक्षा व्यवस्था और उस पर होने वाला दलित-आदिवासियों पर परिणाम और निजीक्षेत्र में समान आरक्षण और अनिवार्य शिक्षा-व्यवस्था महाराष्ट्र, महाराष्ट्र पब्लिक यूनिवर्सिटी व्यवस्था 2011 में होने वाला परिणाम के संबंध में चर्चा की।

इस अधिवेशन के स्वातगाध्यक्ष संतुक हंबर्डे ने सभी मान्यवरों का स्वागत किया और नसोसवायएफ अधिवेशन की अयोजन कमेटी के अध्यक्ष संघरत्न निवडंगे, राज्य प्रवक्ता राहुल सोनाळे, मराठवाड़ा संघटक बालू भाग्यवंत, जिल्हा अध्यक्ष धम्मपाल वाढवे और आयोजन कमेटी सदस्य प्रकाश पिदके, मंगेश गाडगे, वैभव येरेकर, प्रसेनजित गायवाड़, व्यंकटेश राठोड़, राज्य कमेटी और जिला कमेटी के सभी छात्र कार्य-कर्त्ताओं ने अधिवेशन को सफल बनाने के लिए परिश्रम किया।

- गणेश येरेकर

+++

## आरक्षण का लाभ नेताओं और कर्मचारियों दोनो ने लिया तो इसे बचाने की भी जिम्मेदारी दोनो की

कुछ कर्मचारी-अधिकारी कुछ सांसदों और नेताओं का इस्तीफा मांग रहे हैं, क्योंकि वे पदोन्नति में आरक्षण के मामले को संसद में नहीं उठा रहे हैं। क्या उन कर्मचारियों-अधिकारियों का इस्तीफा नहीं मांगना चाहिए जो स्वयं लड़ाई लड़ना तो दूर उल्टे बकवासबाजी करते रहते हैं ? डॉ0 उदित राज तो एडिशनल कमिश्नर इन्कम टैक्स की पोस्ट से 2003 में इस्तीफा देकर लगभग 10 साल से रोड पर लड़ाई लड़ते रहे बिना किसी पद के, तो क्या उन कर्मचारियों को पहले स्वयं का इस्तीफा देकर तब औरों की मांग नहीं करना चाहिए ? आरक्षण का लाभ नेताओं और कर्मचारियों दोनो ने लिया है, उसमें से एक लड़े और दूसरा मौज-मस्ती करे, अब यह नहीं चलने वाला है। उ0प्र0 में कर्मचारियों के डिमोशन के सवाल पर लाखों कर्मचारियों को इस्तीफा देना चाहिए। सैद्धांतिक और तर्क के आधार पर किसी का नैतिक बल इतना नहीं है कि जो डॉ0 उदित राज को कुछ कह सके। संसद में पहुंचकर डॉ0 उदित राज ने जितने आरक्षण पर सवाल उठाए उतना सारे दलित सांसद मिलकर न कर सके। हार्दिक पटेल को जाति का समर्थन आरक्षण के विरोध में ज्यादा मिला और अपने लिए कम अगर उन्होंने 5 लाख की रैली की तो फौरन उ0प्र0 में डॉ0 उदित राज एवं जगजीवन प्रसाद के नेतृत्व में पहले लाखों की रैली कर देना चाहिए और उसके बाद आगामी 7 दिसंबर को दिल्ली में 10 लाख की। इससे कम अगर हम करते हैं तो जवाब सही नहीं होगा और हम लड़ाई जैसे हार रहे हैं, आगे भी होता रहेगा। जिन कर्मचारियों-अधिकारियों को उ0प्र0 सरकार द्वारा डिमोट किया गया है, उन्हें न घर बैठना चाहिए न ही कार्यालय जाना चाहिए, बल्कि परिसंघ में शामिल होकर संघर्ष को तब तक तेज करना चाहिए जब तक कि अधिकार वापिस नहीं मिल जाते। आइए हम सब मिलकर इस चुनौती को स्वीकार करें।

निवेदक : अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ

ईमेलः parisangh1997@gmail.com व्हाट्सअप नं. 9999504477

# अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ लोक सभा के शीतकालीन सत्र के पहले लखनऊ में आरक्षण के मुद्दे पर महारैली करेगा

5 सितंबर, 2015 को इलाहाबाद में आरक्षण बचाने एवं डिमोट कर्मचारियों-अधिकारियों को न्याय दिलाकर पूर्व की स्थिति में लाने के लिए तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विधान सभा में अनुसूचित जाति/जन जाति की जमीन को अन्य वर्गों को बेचे जाने हेतु लिए गए निर्णय के विरोध में एक बड़ी सभा इलाहाबाद नगर के विज्ञान परिषद सभागार, प्रयाग में की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं परिसंघ के चेयरमैन व लोक सभा सदस्य, माननीय उदित राज जी थे। डॉ0 उदित राज जी ने 31 जुलाई, 2015 को लोक सभा में उक्त मुद्दा शून्यकाल के दौरान उठाया था और सरकार से मांग की थी कि उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों व अधिकारियों का डिमोशन रोका जाए और पदोन्नति में आरक्षण जारी रखा जाए। सरकार कई अन्य मुद्दों पर उलझ गयी और वर्तमान सत्र में आरक्षण से संबंधित बिल नहीं पास हो सका। डॉ0 उदित राज ने बताया कि उनके नेतृत्व में आरक्षण को बचाने के लिए 1997 से जन आंदोलन शुरू किया था और केन्द्र की वाजपेयी सरकार ने दलित हितों में 81वां, 82वां एवं 85वां संवैधानिक संशोधन कराकर दलितों का आरक्षण बचाया था और बाद में 85वें संवैधानिक संशोधन को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी थी, जिसे एम. नागराज के नाम से जाना जाता है। इस मामले में डॉ0 उदित राज के नेतृत्व में परिसंघ के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में सरकार पर दबाव बनाकर अच्छे अधिवक्ता एवं स्वयं अधिवक्ताओं से पैरवी करवायी गयी। परिणामस्वरूप माननीय सर्वोच्च न्यायालय की पांच जजों की बेंच ने कुछ मामूली सुझाव के साथ पदोन्नति में आरक्षण देने के लिए दलितों के हित में फैसला दिया था। इसी मामले को तत्कालीन बसपा सरकार द्वारा उचित पैरवी न करने के कारण लखनऊ हाई कोर्ट ने पदोन्नति में आरक्षण पर 4 जनवरी, 2011 को रोक लगा थी और तत्कालीन सरकार ने इस मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट में ले गयी और वहां भी हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा।

पदोन्नति में आरक्षण समाप्त होने से, वर्ष 1997 से 2012 तक पदोन्नति पाए हजारों-हजार कर्मचारी-अधिकारी डिमोट किए जा रहे हैं। डॉ0 उदित राज जी ने बताया कि उ0प्र0 को छोड़कर सभी प्रांतों के मुख्यमंत्रियों ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बताए गए रास्ते पर समिति गठित करके उसकी संस्तुति के आधार पर पदोन्नति में आरक्षण जारी रखे हुए हैं, मात्र उ0प्र0 की तत्कालीन बसपा सरकार ने ऐसा नहीं किया, इसीलिए डिमोशन हो रहा है। आज जो स्थिति है कि राज्यसभा में पदोन्नति में आरक्षण लागू कराने वाला 177वां संवैधानिक संशोधन बिल पास हो चुका है और लोकसभा में समाजवादी पार्टी के सांसदों द्वारा पुरजोर विरोध किया गया और उसके एक सांसद ने सदन के अंदर ही बिल की प्रति फाड़ दी थी। इस बिल को पास करवाकर पदोन्नति में आरक्षण बचाया जा सकता है।

डॉ0 उदित राज जी के नेतृत्व में जन आंदोलन के जरिए दलितों का आरक्षण बचाने का इतिहास रहा है, इसीलिए उन्होंने जन-आंदोलन को अभी तक बंद नहीं किया है तथा उ0 प्र0 सरकार से लगातार मंडलीय एवं जिलों में आरक्षण के समर्थन में बड़ी-बड़ी बैठकें एवं रैलियां करना शुरू कर दिया है और इसी मंतव्य के तहत आज इलाहाबाद में मंडलीय सम्मेलन हुआ और कल 6 सितंबर, 2015 को कानपुर मंडल का सम्मेलन छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में होगा तथा इसी तरह से पूरे उत्तर प्रदेश में मंडलीय एवं जिला सम्मेलनों के बाद 01 नवंबर, 2015 को लखनऊ में महारैली की जाएगी। सभा की अध्यक्षता कर रहे परिसंघ के राष्ट्रीय समन्वयक एवं प्रदेश अध्यक्ष, उ0प्र0 श्री जगजीवन प्रसाद ने अनुसूचित जाति/जन जाति की जमीनों को अन्य वर्गों को बेचने के लिए उ0प्र0 सरकार द्वारा लिए गए निर्णय की घोर निंदा की और उन्होंने इस दलित विरोधी काले कानून को लाकर दलितों को भूमिहीन बनाने का षड्यंत्र बताया। उन्होंने इस मुद्दे को भी परिसंघ के जन आंदोलन का हिस्सा बनाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ0 उदित राज से अपील की और उन्होंने अपनी सहमति भी दे दी।

4 अगस्त, 2015 को संसद द्वारा अनुसूचित जाति/जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम को मजबूत बनाने के लिए अपने संगठनों एवं उपस्थित जनसमूह द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद भी दिया।

सभा में प्रमुख रूप से सर्वश्री पंचम लाल, शोभनाथ सरोज, कल्यानजी अम्बेडकर, भानु प्रकाश, गौरी शंकर, महेन्द्र सरोज, सूर्यपाल, विशंभर नाथ, इन्द्रपाल, बड़े लाल वर्मा, अरविंद कुमार, रमाकांत, वी.पी. भारती, राजू पासी, इन्द्रेश सोनकर, हृदय नारायण पासी, महेन्द्र सिंह पासी, चंदीलाल, भंते अभयरत्न जी, धर्मेंद्र आर्य, रामू नेता, आर.के. कमल, राहुल सोनकर, भोलानाथ सोनकर तथा उ0प्र0 परिसंघ के उपाध्यक्ष, श्री बी.डी. भारती, प्रदेश सचिव, के.पी. चौधरी तथा दिल्ली प्रदेश परिसंघ की महासिचव डॉ. अंजू काजल सहित पूरे इलाहाबाद मंडल से हजारों लोग उपस्थित थे।

– जगजीवन प्रसाद
अध्यक्ष, उ0प्र0 परिसंघ

+++

इलाहाबाद में पदोन्नति में आरक्षण हेतु आयोजित जन सभा में मंच पर डॉ0 उदित राज, जगजीवन प्रसाद, अंजू काजल के साथ अन्य वरिष्ठ नेतागण

## वैज्ञानिकों ने खोजी इंसानों की नई प्रजाति

जोहानिसबर्ग (10 सितंबर)रू इंसानों की नई प्रजाति ढूंढने का दावा किया गया है। वैज्ञानिकों का दावा है कि उन्हें दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग से लगभग 50 किमी दूर श्राइनिंग स्टारश गुफाओं में दफन 15 नर कंकालों के अधूरे हिस्से मिले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इनकी लंबाई 5 फीट और वजन 45 किलो से ज्यादा है।

साइंस मैगजीन ईलाइफश की रिपोर्ट से पता चलता है कि खोजी गई नई प्रजाति धार्मिक अनुष्ठान करने में सक्षम थी। अब दावा किया जा रहा है कि यह खोज इंसानों के पूर्वज को लेकर हमारी सोच बदलकर रख देगी। नई प्रजाति को श्होमो नलेडीश नाम दिया गया है। स्थानीय भाषा में इसका मतलब श्स्टार मैनश होता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, नलेडी का दिमाग काफी छोटा है। लगभग एक औसत संतरे के आकार जितना। खोजकर्ताओं की टीम का नेतृत्व कर रहे प्रोफेसर ली बर्गर ने बीबीसी को बताया कि उनका मानना है कि नई प्रजाति श्जीनियस होमोश यानी आधुनिक इंसान जैसी हो सकती है। उनके अनुमान के मुताबिक, यह प्रजाति 30 लाख साल पहले अफ्रीका में रहती होगी।

http://hindi.news24online.com/homo-naledi-human-relative-species-81/

## पाठकों से अपील

'वॉयस ऑफ बुद्धा' के सभी पाठकों से निवेदन है कि जिन्होंने अभी तक वार्षिक शुल्क/शुल्क जमा नहीं किया है, वे शीघ्र ही बैंक ड्रॉफ्ट द्वारा 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के नाम से टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 को भेजें। शुल्क 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के खाता संख्या 0636000102165381 जो पंजाब नेशनल बैंक की जनपथ ब्रांच में है, सीधे जमा किया जा सकता है। जमा कराने के तुरंत बाद इसकी सूचना ईमेल, दूरभाष या पत्र द्वारा दें। कृपया 'वॉयस ऑफ बुद्धा' के नाम ड्राफ्ट या पैसा न भेजें और मनीआर्डर द्वारा भी शुल्क न भेजें। जिन लोगों के पास 'वॉयस ऑफ बुद्धा' नहीं पहुंच रहा है, हमें लिखें और संबंधित डाकघर से भी सम्पर्क करें। आर्थिक स्थिति दयनीय है, अतः इस आंदोलन को सहयोग देने के लिए खुलकर दान या चंदा दें।

सहयोग राशि:

पांच वर्ष : 600 रुपए
एक वर्ष : 150 रुपए

# आरक्षण से लाभ या हानि

**डॉ. उदित राज**
संसद सदस्य (लोक सभा)
राष्ट्रीय चेयरमैन,
अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का
अखिल भारतीय परिसंघ

गुजरात की पटेल जाति के द्वारा जो आंदोलन अभी हुआ उससे देश हिल गया। आरक्षण पर लगभग सभी विचार किए, चाहे पक्ष में या विपक्ष में। समय-समय पर यह विषय विवाद में आता रहता है। कुछ लोग राजनैतिक हथियार के रूप में इसे इस्तेमाल करते हैं, क्योंकि इससे जाति को इकट्ठा करना आसान हो जाता है। जो बेरोजगार हैं, उन्हें लगता है कि आरक्षण की वजह से ऐसी स्थिति में हैं। जातीय पूर्वाग्रह तो एक कारण है ही। अगर समाज और देश हित में आरक्षण नहीं है तो खत्म हो जाना चाहिए, यदि है तो विवाद किस बात का ?

आज़ाद भारत के पहले परिस्थितियां भिन्न रहीं। बहुतों की चिंता राजनैतिक आज़ादी की रही तो कुछ की चिंता समाज में मान-सम्मान की रही है। देश में तमाम ऐसी सोच रखने वालों में से एक डॉ0 अम्बेडकर भी रहे। उन्हें तथा उनके समर्थकों को लगा कि आज़ाद भारत में हमारी दशा क्या होगी। उस समय शासक अंग्रेज थे, जातीय भेदभाव और सोच से वे परिचित नहीं थे। उस समय दलितों और आदिवासियों की भागीदारी हर क्षेत्र में नगण्य थी। जब साइमन कमीशन भारत की समस्याओं के ऊपर अध्ययन करने आया तो यहां के दलितों को मौका मिला कि वे अपनी बात को रख सकें। परिणाम यह हुआ कि लंदन की गोलमेज सभा में बात उठी और 1932 में गांधीजी और बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर के बीच एक समझौता हुआ जिसे पूना पैक्ट के नाम से जाना जाता है। कुछ लोगों का सोचना है कि इससे हिन्दू समाज की एकता बरकरार रह सकी वरना टूट भी सकती थी, क्योंकि दलितों को पृथक मताधिकार का अधिकार बर्तानी हुकूमत ने मंजूर कर ली थी।

शासन-प्रशासन में दलितों व आदिवासियों का आरक्षण इसके पहले कभी नहीं था, आरक्षण विरोधी बताएं कि तब देश गुलाम क्यों हुआ ? क्या यह कारण नहीं रहा होगा कि देश इसकी वजह से भी गुलाम हुआ होगा। इतनी बड़ी आबादी को अलग-थलग रखकर दुश्मन का मुकाबला कठिन तो था ही, कृषि, उद्योग एवं कारोबार पर भी असर पड़ा। जब इनके पास क्रयशक्ति नहीं थी तो अर्थव्यवस्था का तो कमजोर होना ही था। समाज में खटास की वजह से सुख-शांति पर असर तो पड़ना अनिवार्य था। यदि भागीदारी हुई होती तो ये अप्रत्याशित नुकसान समाज का न हुआ होता। आरक्षण के बाद और पहले के भारत की तुलना की जाए तो पता लगेगा कि बाद वाला बहुत अच्छा है और उसमें आरक्षण का योगदान बहुत है। आरक्षण की वजह से जिनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति अच्छी हुई है, उनका उत्पादन में योगदान एवं शासन-प्रशासन में हुआ। कपड़ा, खाना और तमाम उपभोग की वस्तुओं की क्रय-शक्ति बढ़ी और इसका असर औद्योगिक उत्पादन और अर्थव्यवस्था पर पड़ा। दलितों और पिछड़ों में राष्ट्रीयता का बोध हुआ। जब ये केवल मजदूर और अछूत थे तो वैसी स्थिति में राष्ट्रबोध का ज्ञान कैसे होता? यहां वह चौपाई बहुत सांदर्भिक है - "कोउ नृप होई हमहि का हानी , चेरि छाणि अब होब का रानी।" इसका मतलब है कि राजा कोई भी हो, वंचित को क्या फर्क पड़ता है।

जो लोग योग्यता और दक्षता की बात करते हैं तो उन्हें हाल में हुए व्यापक अध्ययन के निष्कर्ष को जान लेना चाहिए। अश्विनी देशपांडे, प्रोफेसर - दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनामिक्स एवं थामस विसकोफ, प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) - मिसिगन विश्वविद्यालय ने अनुसूचित जाति एवं जन जातियों को आरक्षण देने के कारण भारतीय रेलवे में 1980 एवं 2002 की अवधि का अध्ययन किया, जिसकी रिपोर्ट 'वर्ल्ड डेवलपमेंट जोर्नल' में छपी। भारतीय रेलवे पूरे विश्व में सबसे बड़ा नियोजक (नौकरी देने वाला) है, जहां पर आरक्षण लागू है। रेलवे में ग्रुप ए से लेकर ग्रुप डी तक में मिलाकर लगभग 13 से 14 लाख लोग काम करते हैं। 15 प्रतिशत अनुसूचित जातियों एवं 7.5 प्रतिशत जन जातियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। इसके अलावा पिछड़ी जातियों को भी आरक्षण लागू है। इस अध्ययन ने पाया कि ग्रुप ए एवं बी के अधिकारी आरक्षण के कारण ही इन पदों पर पहुंच सकें हैं। प्रो0 देशपांडे एवं प्रो0 विसकोफ ने उन जोनों की तुलना की जिनमें ज्यादा दलित कर्मचारी अधिक कार्यरत् थे और जिनमें कम कार्यरत् थे। उन्होंने पाया कि दोनो जोनों में कार्यक्षमता और उत्पादकता में कोई अंतर नहीं है, उल्टे उन्होंने पाया कि कुछ जोन जिनमें दलित कर्मचारी ज्यादा थे, वहां ज्यादा उत्पादकता हुई है।

आरक्षण के बावजूद प्रमुख स्थानों पर अनारक्षित वर्ग के ही लोग बैठे हैं। लगभग सभी विश्वविद्यालय, आईआईटी एवं उच्च संस्थानों में प्रोफेसर या अहम पोस्ट पर अनारक्षित लोग ही बैठे हैं, तो हमारे देश में शोध और तकनीकी विकास क्यों नहीं हो पाया ? हाल में अमरीका के चार राज्यों का दौरा किया और सैकड़ों भारतीय डॉक्टरों से मुलाकात हुई। चर्चा के उपरांत बात उभरकर आयी कि भारत में एक भी जेनेरिक दवा की खोज नहीं हुई है। क्या इसके लिए आरक्षण जिम्मेदार है? सेंटर ऑफ वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स की ओर से जारी 1,000 शीर्ष यूनिवर्सिटी की सूची में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को लगातार तीसरे साल पहले पायदान पर रखा गया है। भारत की कोई भी यूनिवर्सिटी शीर्ष 300 में भी शामिल नहीं है। आई.आई.टी. संस्थानों के पास तो सुविधाएं एवं पैसे की कमी नहीं है, तो फिर क्यों नहीं एक भी मौलिक रिसर्च कर पाए? उच्च न्यायपालिका में दलित व पिछड़े तो नहीं के बराबर हैं, फिर क्यों मुकदमें के फैसले में विलंब और बार-बार भ्रष्टाचार की बात उठती है। हाल में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मार्कंडेय काटजू ने कहा कि उच्च न्यायपालिका में 50 प्रतिशत जज भ्रष्ट हैं। यही बात वरिष्ठ अधिवक्ता शांतिभूषण भी कह चुके हैं । दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ए. पी. शाह ने कहा कि 94 प्रतिशत मृत्यु दंड दलितों, अल्पसंख्यकों और पिछड़ों को ही दिया जाता है। भारत सरकार में लगभग 150 सचिव हैं - एक या दो को छोड़कर सारे अनारक्षित वर्ग से हैं तो क्यों विभागों में शिथिलता, भ्रष्टाचार और पक्षपात है? क्या इन सब चीजों के लिए आरक्षण जितम्मेदार है ?

जो आरक्षण का विरोध कर रहे हैं, उनको भी इसका परोक्ष लाभ मिल रहा है। ज्यादातर शिक्षण संस्थाएं, उद्योग, कारोबार तथाकथित सवर्णों के लिए आरक्षित वर्ग के लोग इनका उपभोग करके किसका मुनाफा बढ़ाते हैं? तमाम सवर्णों की शिक्षण संस्थाएं आरक्षित वर्ग के छात्रों से चलती हैं, क्योंकि ये सीट भरने में सहयोगी तो होते हैं, साथ-साथ जो छात्रवृत्ति सरकार से मिलती है, सीधे इनका फायदा होता है। जब तक मंडल लागू नहीं हुआ तब तक 10 से 15 प्रतिशत तक ही सीटें पर आरक्षित वर्ग के लोग थे। तब सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार व विलंबता की नींव क्यों पड़ी? जिन्हें आरक्षण दिया है, वे देशवासी हैं, शत्रु नहीं, तो यह विरोध क्यों ? गुजरात में पटेल समाज के जो नवजवान आंदोलन कर रहे हैं, उनका आक्रोश है कि अपनी ही जाति के उन्नति किए लोगों से वे पीछे रह गए हैं। दुनिया की कोई भी जाति हो उसमें शत्प्रतिशत् मालामाल नहीं होते। दूसरा कारण कि सरकारी नौकरी का आकर्षण, यदि आरक्षण समाप्त भी कर दिया जाए तो सवर्णों के सभी पढ़े-लिखे लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिल सकती। एक तरह से इनका आंदोलन आरक्षण विरोधी है। किसी भी दृष्टि से मूल्यांकन कर लिया जाए तो पाया जाएगा कि आरक्षण से देश और समाज का लाभ ही लाभ है, नुकसान किसी तरह से नहीं है।

+++

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का
**अखिल भारतीय परिसंघ**
के राष्ट्रीय अध्यक्ष
**डॉ0 उदित राज के आगामी कार्यक्रम**

18 सितंबर, 2015, सायं 10 बजे
न्यू सर्किट हाउस, रायपुर, छत्तीसगढ़
सम्पर्क : अनिल मेश्राम, मो. 9893008233,

19 सितंबर, 2015, सायं 5 बजे
राजमिलन वेंकट हाल,
बिजनौर, उत्तर प्रदेश
सम्पर्क : वेद प्रकाश, मो. 09412361352
एवं महावीर सिंह, मो. 9412489918

20 सितंबर, 2015
अम्बेडकर सामुदायिक केन्द्र, कंकड़ खेड़ा, मेरठ
सम्पर्क : इं. प्रेमजीत सिंह, मो. 9219279599

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का
**अखिल भारतीय परिसंघ**
द्वारा रेलवे कर्मचारियों का सम्मेलन 27 सितंबर को मावलंकर हाल, दिल्ली में

पूरे देश में अनुसूचित जाति/जन जाति की एसेसिएशन एवं संस्थाएं कर्मचारियों-अधिकारियों द्वारा बनायी गई हैं लेकिन उनके द्वारा अपेक्षित रचनामत्क कार्य नहीं हो पा रहे हैं। कुछ लोग दिल्ली में बैठ कर रेलवे कर्मचारियों का चंदा खा रहे है और दलित आंदोलन को बेच रहे है। न तो उचित ट्रांस्फर-पोस्टिंग हो रही है और न ही भर्ती हो रही है। ऑल इंडिया एस.सी./एस.टी. इम्प्लाइज एसोसिएशन द्वारा रेलवे के कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। यदि कोई कर्मचारी आवाज उठाता है तो उसे डरा- धमका कर उसके पद से हटा दिया जाता है और उसके स्थान पर अपनी मर्जी का व्यक्ति बैठा दिया जाता है। रेलवे एस.सी./एस.टी एसोशिएन में अपनी बात कहने की भी अज़ादी नही है इसलिए ऐसे लोगों को बदला जाना बहुत जरूरी है। इसके लिए परिसंघ द्वारा डॉ0 उदित राज जी के नेतृत्व में 27 सितम्बर 2015 को प्रातः10 बजे से मालवंकर हाल, कांस्टीट्यूशन क्लब, रफी मार्ग, नई दिल्ली में सेमिनार किया जाएगा जिसमें देश के सभी रेलवे कर्मचारी-अधिकारी व वेलफेअर एसोशिएन के सदस्य एवं पदाधिकारियों को अमंत्रित किया जा रहा है। सेमिनार का उद्देश्य रेलवे एस.सी./एस.टी कर्मचारियों के भविष्य की योजनओं पर चितंन तथा रेलवे एसोसिएशन को कर्मचारियों हित में प्रभावी बनाना है।
संपर्क : ब्रह्म प्रकाश, राष्ट्रीय महासचिव, मो. 9871170028

# Does Reservation reduce productivity? The case of Indian Railways

**Ashwini Deshpande**
Delhi School of Economics
ashwini@econdse.org

**Thomas Weisskopf**
University of Michigan
tomw@umich.edu

Critics of job reservations argue that such policies have an adverse effect on work efficiency and productivity. This column analyses the effect of job reservations in the Indian Railways – the world's largest employer subject to affirmative action. It finds that having a larger proportion of lower-caste employees is not associated with lower productivity; in top-tier jobs, in some cases, it is actually associated with higher productivity.

Affirmative action (AA) encompasses public policy measures designed to reduce the marginalisation of members of groups that have historically suffered discrimination, exclusion, or worse. India has not only the longest history of AA policies but also the most comprehensive system of AA, reaching far more people than all such policies elsewhere in the world. The most prominent form of AA is 'reservations' or quotas for the Scheduled Castes (SCs) or Dalits, and the Scheduled Tribes (STs) or Adivasis. Together, 22.5% of all seats in central-government-supported higher educational institutions, public sector jobs and elected positions are reserved for these groups.

Criticism of AA policies in India is much the same as in most other countries where such policies have been implemented. It is argued that these policies conflict with considerations of merit because less qualified candidates are selected in place of more qualified candidates, and hence, poorer academic performance and poorer quality of work on the job is to be expected from AA beneficiaries. Some critics have even suggested that the failure to allocate key jobs on a strictly meritocratic basis has resulted in serious injuries, as well as gross inefficiency. For example, in "Job Reservation in Railways and Accidents," (Indian Express, September 1990), it is charged that the frequency of Indian railway accidents would likely increase because reservation policies result in a larger proportion of less competent railway officials and lower overall staff morale. But advocates of AA – in India and elsewhere – argue that hiring is otherwise often far from truly meritocratic, and that workforce diversity may actually generate efficiency gains as individuals from diverse backgrounds bring complementary skills to an organisation.

**Assessing effects of affirmative action on efficiency in Indian Railways**

To shed light on this debate, we focus on the world's largest employer subject to AA – the Indian Railways (IR), with roughly a million and a half employees – in an effort to assess the effects of job reservations for SC/ STs on productive efficiency. In the United States, where AA in hiring has been practiced in many industries since the 1960s, a variety of studies of this kind have been carried out. In developing countries, however, such studies are very few in number. The only studies assessing the impact of AA in India focus either on electoral representation, or on higher education. To our knowledge there has not yet been any systematic quantitative study of the effect of job quotas on enterprise efficiency.

